दिन–बुधवार दिनांक– 17 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के एक पोस्ट में बताया है कि मेक इन इंडिया के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर आगे बढ़ रही है। सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में मेक इन इंडिया की झलक दिखलाते हुए बताया गया है कि भारतीय साइकिलों की दुनियाभर में मांग हो रही है। ब्रिटेन, जर्मनी और नीदरलैंड्स में निर्यात बढ़ा है। यह वृद्धि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है। पोस्ट के अनुसार, बिहार में बने जूतों का इस्तेमाल अब रूसी सेना कर रही है। इतना ही नहीं, जैसे–जैसे क्रिकेट विश्व कप नजदीक आया, कश्मीर में बने बल्ले की भारी मांग होने लगी। ये बल्ले भारत के उत्कृष्ट शिल्प कौशल और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव का उदाहरण पेश करते हैं।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो रेल परियोजना की कार्य प्रगति का जायजा लिया। श्री कुमार ने राजेन्द्र नगर, मलाही पकड़ी, खेमनीचक, पहाड़ी, जीरो माईल और आईएसबीटी, निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। श्री कुमार ने बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़ने वाले सुरंग के निर्माणाधीन कार्य का भी निरीक्षण किया।

———————————————————

प्रदेश के सभी रेलवे स्टेशनों पर अब प्लेटफार्म टिकट दस रूपये की जगह नौ रूपये में मिलेगा। राज्य सरकार ने प्लेटफॉर्म टिकट पर राज्य के स्तर से लगने वाले जीएसटी को हटा लिया है। प्लेटफॉर्म टिकट के अलावा रेलवे की कई अन्य सेवाओं– डॉरमेट्री, वेटिंग रूम और क्लॉक रूम को भी जीएसटी से मुक्त किया गया है। इसके अलावा बैट्री चलित वाहनों से भी जीएसटी हटा दी गयी है। साथ ही हॉस्टल सेवाओं पर बीस हजार रुपये प्रति व्यक्ति, प्रति माह तक की राशि पर जीएसटी की छूट दी गई है। राज्य के वाणिज्य कर विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

———————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य भाग और राज्य के शेष हिस्सों में एक दो

स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। गया के धनरूआ में तीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। मौसम पुर्वानुमान के अनुसार राज्य के उत्तर–पूर्व के जिले सुपौल, अररिया, किशनगंज और बांका, जमुई, कटिहार समेत दक्षिण क्षेत्र के आस–पास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ वज्रपात की सम्भावना है।

———————————————————

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान से अंठावन सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में लाल निशान से बारह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से छप्पन सेंटीमीटर ऊपर है।

———————————————————

आज मुहर्रम की दसवीं तारीख यानि यौम–ए–आशूरा है। यह दिवस पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। प्रदेश में इस अवसर पर ताजिया और मातमी जुलूस निकाले जा रहे हैं। साथ ही धार्मिक बैठकें और मजलिसें भी आयोजित की जा रही हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों से मुहर्रम को पारंपरिक सदभाव के साथ मनाने की अपील की है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि मुहर्रम हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलते हुए जीवन के उच्च आदर्शों और मूल्यों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कर्बला के शहीदों और हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी को नमन करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इधर, मुहर्रम को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।